# कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा.क. 388 / स्टोर / 2025 / कोरबा दिनांक 29.07.2025

## निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शासकीय विभागों में कार्यरत व्यवसाय से संबंधित अनुभवी निविदाकार / फर्मों से (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) शेडयूल अनुसार आइटम दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 30.08.2024 सायंकाल 3.00बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 02.09.2024 सायंकाल 4.30बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि लाख में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निगम वाहनों के लिए बैटरी खरीदी कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण **(निगम मद) (प्रथम निविदा)** | 9.00 | 6750.00 | 750.00 | फार्म बी | 12 माह | 02.09.2024 |

**निविदा की शर्ते :–**

1. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा आई.टी.आई. कॉलोनी रामपुर, कोसाबाड़ी जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र Form –A/B/ABC (जारी दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डी.डी. के साथ साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
3. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्वति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगा।
   - अ. प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी (निविदा आमंत्रण पत्र जारी दिनांक के पश्चात का मान्य) एवं अमानत राशि का टी.डी.आर / एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - ब. द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - स. तृतीय लिफाफा में उपरोत दनों लिफाफाएं होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
4. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य ना किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूध्द कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
5. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु इच्छुक ठेकेदारों को यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनीशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, पिछले वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण पत्र / पेन नंबर एवं वैध जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 4 के लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमांक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
7. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व सामग्री के स्पेसिफिकेशन अध्ययन कर लेवें एवं स्पेसिफिकेशन अनुसार बैटरी प्रदाय करें।
8. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएं स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
9. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
10. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंकों में लिखना अनिवार्य होगा।
11. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
12. सामग्री प्रदाय नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।

13. निविदा उन्हीं निविदाकार को दिया जावेगा जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव हो।

14. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।

15. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

16. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।

17. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**नोटः–**

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समयएवं स्थान माना जावे।

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

नाम ..........................................................

पूर्ण पता ....................................................................

..........................................................

मोबाईल नं.– ........................................

प्रतिलिपि–

प्रोग्रामर, संचालनालय,न.प्र.वि.विभाग को वेब साईट में अपलोड करने हेतु।

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

## Abstract

**Sub:- Determining the Annual Rate Contract for Battery Purchases**

| No. | Item of work | Unit | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Battery 65 Ah make Exide, Amaron, Livgurard, Tata Greeen | No | 1 | | |
| 2 | Battery 80 Ah make Exide, Amaron, Livgurard, Tata Greeen | No | 1 | | |
| 3 | Battery 100 Ah make Exide, Amaron, Livgurard, Tata Greeen | No | 1 | | |
| 4 | Battery 150 Ah make Exide, Amaron, Livgurard, Tata Greeen | No | 1 | | |

Sub Engineer
Municipal Corporation,
Korba (C.G.)

Assitt. Engineer
Municipal Corporation, Korba
(C.G.)